एक नजर में

प्रभारी मंत्री सिलावट जिले के प्रवास पर , 15 अगस्त,मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

बुरहानपुर। प्रदेश सरकार के जल संसाधन विभाग एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट का दौरा कार्यक्रम प्राप्त हुआ है।जारी कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिलावट का गुरुवार 14 अगस्त को समय शाम 4:30 बजे जिले में आगमन होगा।

प्रभारी मंत्री सिलावट 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रात: 9 बजे शामिल होंगे। तत्पश्चात् 12:5 बजे ग्राम भावसा में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। वही प्रभारी मंत्री श्री सिलावट दोपहर 2:30 बजे बुरहानपुर से प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई

बुरहानपुर. कलेक्टर हर्ष सिंह ने समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी है।उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा किए यह पर्व हमें राष्ट्र भक्तिए देश प्रेम एवं भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जिलेवासियों के सुख.समृद्ध जीवन की कामना की है। कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों से आव्हान किया है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी अपने.अपने घरो में तिरंगा अवश्य लगाये।

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा बिरोदा श्री कृष्ण मंदिर में 16 अगस्त को भजन संध्या का आयोजन

बुरहानपुर । महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ संचालनालय संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित श्री कृष्ण पाथेय न्यास द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों में प्रमुख श्री कृष्ण मंदिरों में श्री कृष्ण पर्व भजन संध्या आयोजित की जा रही है।जिसके अंतर्गत ग्राम बिरोदा स्थितश्री कृष्ण व हनुमान मंदिरष् में दिनांक 16 अगस्त शनिवार को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के संगीत साधक डॉ सतीश वर्मा,राजेश वर्मा,मधुबाला निकम,आकाश निकम, आदर्श जोशी आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष गणेश मानकर ने समस्त ग्राम एवं शहरवासियों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

पर्यावरण संरक्षण के सच्चे प्रहरी को मिला चौथा सम्मान

बुरहानपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हरित क्रांति में विशेष योगदान हेतु पर्यावरण मित्र एवं शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराड़ा में माध्यमिक शिक्षक पद पर कार्यरत संजय राठौड़ को प्रभारी मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा चौथी बार यह सम्मान प्राप्त करना उनके अथक परिश्रमए पर्यावरण के प्रति अटूट समर्पण और समाज में हरियाली फैलाने की अनवरत साधना का प्रमाण है।

संजय राठौड़ ने अपने जीवन का उद्देश्य ही वृक्षारोपण,पर्यावरण जागरूकता और प्रकृति संरक्षण को बना लिया है। उनके द्वारा लगाए गए हजारों पौधे आज हरे.भरे वृक्ष बनकर न केवल गाँव.गाँव में छाया दे रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु और हरियाली का उपहार भी बन गए हैं।

उनका संदेश स्पष्ट है :- पेड़ लगाना ही नहीं,उन्हें मित्र बनाकर जीवन भर संभालना ही सच्ची देशभक्ति है। ऐसे प्रेरणास्रोत कार्यों से समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत होती है और आने वाली पीढ़ियाँ प्रकृति से प्रेम करना सीखती हैं।

टिसेक्ट द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा संपन्न

बुरहानुपर। ठाकुर शिवकुमारसिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, जो नवलसिंह शक्कर कारखाना द्वारा संचालित है ,में आज दिनांक 14/08/2025 को भारत सरकार के निर्देशानुसार अमृत महोत्सव के अंतर्गत घर.घर तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा में इंजीनियरिंग,फार्मेसी, पॉलीटेक्निक और मैनेजमेंट सभी विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। भारत सरकार ने सभी शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी तथा गैर.सरकारी संगठनों से इस कार्यक्रम को मनाने और आयोजित करने का आग्रह किया है ताकि विद्यार्थियों और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति, एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो। इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने तिरंगा लहराते हुए अपने देश के प्रति प्रेम और सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने देशभक्ति की भावना को जीवंत रूप में अनुभव किया। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए नवलसिंह शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक सुनील कुमारसिंह, शक्कर कारखाने के वरिष्ठ अधिकारीगण, प्राचार्य एवं समस्त कर्मचारी विद्यार्थी के साथ उपस्थित हुए।

राष्ट्रगीत वंदेमातरम का संपूर्ण गायन कार्यक्रम

नेपानगर। संस्कार भारती बुरहानपुर इकाई द्वारा गुरूवार को अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर राष्ट्रगीत वंदेमातरम का संपूर्ण गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अलग अलग स्कूलों में जाकर बच्चों को अखंड भारत, वंदेमातरम के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत वैदिक विद्यापीठ स्कूल, बाल विनय मंदिर, गणेश विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर तिलक भवन में शिक्षक, विद्यार्थियों द्वारा वंदेमातरम का संपूर्ण गायन किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि आदित्य प्रजापति ने बच्चों को ध्वजारोहण व ध्वज फहराने के बीच का अंतर समझाया। संस्कार भारती जिलाध्यक्ष रिषी मुलतकर ने कहा वंदेमातरम केवल एक उद्घोष नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्र चेतना का स्वर है। वंदेमातरम का उदघोष कर भारत के क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें अनगिनत संघर्षों के बाद स्वाधीनता दिलाई।

इस अवसर पर संस्कार भारती प्रांत लोकसंगीत विधा संयोजक गजानन वारूड़े,उपाध्यक्ष संतोष परिहार, मंत्री शैलेन्द्र मालवीय, मातृभक्ति जयश्री जाधव, डॉ अनिल महाजन, स्नेहल माधवपुरकर,स्वप्निल माधवपुरकर, गोपाल मुजाल्दा, सागर साबले सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वंदेमातरम का गायन कुमारी खुशी गुप्ता व हर्षिका गुप्ता ने किया।

हथौड़ी से महिला की दर्दनाक हत्या, शहर में आक्रोश , बुरहानपुर रहा बंद

20 दिन में दूसरी वारदात , हिंदू संगठनों ने शहर बंद कराया। सांसद .विधायक पहुंचे पीड़ित परिवार से मिले ।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। एक बार फिर से जिले में लव जिहाद का मामला सामने आया। इस बार एक महिला की बड़ी ही बेरहमी से सिर पर हथौड़ी मारकर हत्या कर दी गई। हिन्दू युवती के साथ मुस्लिम युवक द्वारा किए गए इस तरह के कृत्य का यह महज 20 दिनों में ही दूसरा मामला है। इससे पहले नेपानगर क्षेत्र के ग्राम नावरा में नेपानगर के एक मुस्लिम युवक ने नावरा की युवती की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। वह मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया था कि शिकारपुरा क्षेत्र के सिलमपुरा में दूसरी वारदात हो गई।इससे हिन्दू संगठनों में आक्रोश का माहौल है। गुरूवार को बुरहानपुर बंद कराया गया जो पूरी तरह सफल भी रहा।

गौरतलब है कि सिलमपुरा में बुधवार शाम 6 बजे महाराष्ट्र के अंतुर्ली से आए युवक ने एक महिला की हथौड़ी से हमला कर हत्या कर दी। उसने महिला के सिर और षरीर पर कई जगह वार किए जिससे महिला की मौत हो गई। हिन्दू संगठनों ने इसे लव जिहाद का मामला बताया है। रात में हिन्दू संगठन के लोग षहर में घूमे और बुरहानपुर बंद का आव्हान किया। दूसरे दिन गुरूवार सुबह हिन्दू संगठन के पदाधिकारी षहर में दुकाने बंद कराने की अपील करने निकले। कहीं पैदल तो कहीं बाइक पर नारेबाजी करते हुए संगठन सदस्य, पदाधिकारी निकले। मंडी क्षेत्र,इकबाल चौक, गांधी, फव्वारा चौक,बस स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में हिन्दू संगठन के पदाधिकारी घूमे। संगठन पदाधिकारियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, हिन्दू महासभा से ओम आज़ाद,अजित परदेशी, अमित वारुड़े, भीम सेना के सचिन गाढ़े, हिन्दू नेता महेश चौहान सहित अन्य लोग दुकानें बंद कराने का आव्हान करते हुए घूमे। कुछ लोगों ने दुकानें खोल ली थी जबकि कुछ ने अपील के बाद बंद कर ली।

महाराष्ट्र का रहने वाला है आरोपी, हिन्दू संगठन ने सौंपा ज्ञापन :- महाराष्ट्र अंतुर्ली के रहने वाले धर्म विशेष के एक युवक ने हथौड़ी से वार कर हत्या कर दी। इस मामले को हिन्दू संगठन लव जिहाद बता रहे हैंए लेकिन पुलिस का कहना है कि यह किसी भी तरह धर्मांतरण का मामला नहीं है।

इधर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की ओर से गुरूवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि हिन्दू महिला की घर में घुसकर हथौड़े मार मार कर हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतुर्ली महाराष्ट्र में रहने वाले मुस्लिम युवक ने हिन्दू महिला से नाम बदलकर दोस्ती की। शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब हिन्दू महिला ने संबंध स्थापित करने से मना किया तो आरोपी शेख सलीम ने महिला के घर में घुसकर महिला के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। देवर के रोकने पर देवर से भी मारपीट की गई। सकल हिन्दू समाज ने बाजार बंद का भी आह्वान किया जिसके चलते दोपहर तक बाजार बंद रहा। हत्या के विरोध में हिन्दू जागरण मंच के प्रांत से निलेश वर्माए अनीस अरझरेए जिला संयोजक अजीत परदेसी सहित संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की मांग की। परिवार को सहायता राशि दिए जाने की भी मांग रखी। वहीं दलित संगठन के मनोज परमार ने भी संगठन के लोगों के साथ मिलकर आरोपी पर उचित कार्रवाई की मांग। परिवारजनों की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पालन पोषण के लिये महिला के पति को शासकीय नौकरी देने की भी मांग हुई।

अंतिम यात्रा में शामिल हुए सांसद,परिवार को सांत्वना दी :- मृतिका का गुरूवार को अंतिम संस्कार हुआ। इसमें सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा शहर में विगत रात्रि एक बेटी की नृशंस हत्या अत्यंत हृदय विदारक है। आज अंतिम यात्रा में शामिल हुआए पीड़ित परिवार वालो से भेंट कर ढांढस बंधाया। मैंने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मैं इस दु:खद क्षण में पीड़िता के परिवार के साथ खड़ा हूं। उनका दर्द मेरा भी दर्द है। उन्हें न्याय दिलाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची विधायक,सीएम से हुई चर्चा :- गुरूवार दोपहर विधायक अर्चना चिटनिस पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची। इस दौरान उन्होंने कहा.मजदूरी करने वाला गरीब परिवार है। इस तरह की दुर्घटना होना असहनीय है। कुछ दिन पहले नावरा में भी एक घटना हुई थी। चिटनिस ने कहा कठोर और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बच्चेए परिवार को सहायता मिले इसे लेकर सीएम से आज सुबह चर्चा भी की है। चिटनिस ने कहा पीड़िता के दो मासूम बच्चों से मिलकर मन बहुत अधिक दु:खी हुआ।

आपसी संबंधों का मामला

इस मामले में दूर दूर तक धर्मांतरण का कोई लेना देना नहीं है। आपसी संबंधों की बात सामने आ रही है। इन्वेस्टिगेशन जारी है।

.आशुतोष बागरीए एसपी बुरहानपुर

गुणवत्ता पर सवाल . 3 साल में गायत्री मंदिर से तहसील की ओर जाने वाला रोड भी उखड़ा

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। करीब 3 साल पहले गायत्री मंदिर से तहसील की ओर जाने वाले रोड का निर्माण कराया गयाए लेकिन यह रोड बनते समय तो उखड़ने लगा ही था अब तीन साल में इसकी गिट्टी तक नजर आने लगी है। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि यह रोड करीब 1ण्98 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया था। जब इसका तीन साल पहले निर्माण हो रहा था तब भी यहां गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे और कई लोगों ने इसकी शिकायत की थीए लेकिन नगर पालिका की ओर से अनदेखी बरती गई। इसकी जांच नहीं कराई गई। कुछ बाद से ही रोड

उखड़ना चालू हो गया था।

रोड पर हो गए बड़े बड़े गड्ढे :- गायत्री मंदिर से तहसील की ओर जाने वाले रोड पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। शिकायत के बाद भी नगर पालिका की ओर से इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धीरज करोसिया के निवास के पास भी सड़क खराब हो गई है। यहां भी गड्ढे नजर आ रहे हैं।

आज तक नहीं की गई रिपेयरिंग:- नियमानुसार करीब 3 से पांच साल तक की परफार्मेंस गारंटी के रोड होने के बाद भी नगर पालिका की ओर से रोड की रिपेयरिंग नहीं कराई जाती है। यह रोड भी अभी गारंटी में हैए लेकिन इसको दुरूस्त नहीं कराया गया। आमजन को परेशानी से बचाने के लिए चूरी तक नहीं डाली जा रही है। न ही गड्ढे भरे जा रहे हैं। खास बात यह है कि एसडीएम और तहसीलदार सहित अन्य अफसर भी इसी मार्ग से निकलते हैंए क्योंकि एसडीएमए तहसील कार्यालय इसी रोड पर है।

गुरूद्वारा के सामने ब्रेकर जरूरी :- तीन साल पहले रेलवे ओवरब्रिज का नगर में निर्माण हुआ हैए लेकिन गुरूद्वारा के सामने ब्रिज के कार्नर पर एक दीवार बनाई गई जिससे वाहन नजर नहीं आते। इसलिए आमजन की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है कि इस मार्ग पर हादसे न हो इसलिए यहां स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। नपा की ओर से इसे लेकर भी अनदेखी बरती जा रही है। इस रोड से काफी संख्या में लोगों का आवागमन होता है।

स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण , करेंगे प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने बताया किआज15 अगस्त शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा । अत: पार्टी के समस्त पदाधिकारी,जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्त्ता बंधुओ से आग्रह है कि ध्वजारोहण में कार्यक्रम में अवश्य पधारे ! भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश पूर्वे ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय पर सुबह 8.45 पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी से निवेदन है समय का ध्यान रखें वह सभी आवश्यक रूप से पधारे।

श्रीगौकुलचंद्रमाजी मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली गई

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आज भागवत भूषण श्री हरीकृष्ण भा ई मुखिया जी ने सत्संग प्रवचन में कहा की जो लोग मन में उतरते हैं उन्हें बहुत संभाल कर रखो और जो लोग मन से उतरते हैं उनसे बहुत संभाल कर रहो भगवान श्री कृष्ण ने अनेक लीला की और हर लीला के अंदर उनका नया नाम रखा गया जैसे माखन खाया था माखन चोर हो गए उखल से बंधन किया तो दामोदर नाम हुवा सुदर्शन हाथ मे लिया तो सुदर्शन धारी हो गये।

भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला, प्रत्येक कर्म अपने आप में कुछ विशेष संदेश लिये हैं। सात वर्ष के कन्हैया ने सात दिनों तक सात कोसीय गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी ऊंगली पर उठाया और नाम पड़ा गिरिधर और गिरिधारी। गोवर्धन धारण लीला करके भगवान श्रीकृष्ण ने मानवमात्र को यह संदेश दिया कि मानव जीवन कठिनाइयों और चुनौतियों से भरा पड़ा है। आज सभी वैष्णो की इच्छा को मान रखते हुए भा गवत भूषण श्री हरी

कृष्णा मुखिया जी एवं मंदिर अध्यक्ष हेमेंद्र भाई को गोविन्द जी वाला के अध्यक्षता मे मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली गई पुरी यात्रा में भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए गए। जब मंदिर में तिरंगा यात्रा वापस आएगी तो सभी ने बुरहानपुर की बेटी को जिसकी हत्या हुई थी सभी ने 2 मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित करमोन धारण किया।

कार्यक्रम में मनोज तारवाला , संतोष भाई ऑफ , प्रफुल्ल भाई ऑफ , ललित भाई लाल ,गोकुल मामा , मुकेश पाटीदार, धर्मेश पाटीदार ,छोटू महाराज ,ठाकुर चंद्र प्रकाश ठाकुर, लालू भाई ,महिला मण्डल उपस्थिति थे।

एक अभियान हमारे पूर्वज स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजन द्वारा वर्ष 2022 से प्रतिमाह किया जा रहा राष्ट्रीय स्तर का 31वां मासिक आयोजन बुरहानपुर में सम्पन्न। एक अभियान स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों परिवारजन के नाम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यए मध्यप्रदेश राज्य उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के महासचिव सुनील गोपालदास गुजराती के नेतृत्व में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जन . गण .मन राष्ट्रगान को सामूहिक रूप से गाया जाकर, भारत माता की जयए वंदे मातरम् के गगनभेदी जयघोष लगाये गया। बुरहानपुर के एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का संक्षिप्त जीवन परिचय बताया गया। हमारे पूर्वज स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयो के अनुरुप परिवारजन स्वयं को ढाले की प्रतिज्ञा के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम सफल होने की विशेषता सम्पूर्ण जिले में जीवित तीन स्वतंत्रता संग्राम वीरांगनाओं में से दो 85 वर्ष से अधिक आयु की वीरांगनाओं का उपस्थित होना। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की वीरांगना पत्नी श्रीमती ताराबेन राधाकृष्ण शाह की अध्यक्षता तथा वीरांगना श्रीमती निर्मला देवी शत्रुघ्न चौहान के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलालेख के समक्षएनेहरू प्रतिमा परिसर में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारजनों को असमए उत्तराखंडए पंजाब सहित अन्य राज्यों में मिल रही सुविधाओं की जानकारी बताई गई। मध्य प्रदेश में भी उपरोक्त सुविधा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारजन को प्राप्त हो इस हेतु संबंधित राज्यों के दस्तावेज की प्रतियां मोहन यादव जी मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को देकर शीघ्र लागू कराया जाये का आव्हान किया गया। बुरहानपुर शहर के समस्त स्वर्गवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में कुमारी आयुषी शैलेंद्र शाह,आशिष किशोर पाटिल, रोहित दिनेश चौहान, महेंद्रसिंह भरतसिंह राजपूत,सुनील दलाल नेपानगर,हितेंद्र राधाकृष्ण शाह, श्रीमती सुलभा किशोर पाटील, निखिल गजेन्द्र ठाकुर,श्रीमती ज्योति सुनील दलाल, प्रमोद डिगम्बर हकीम,पुणे महाराष्ट्र से नन्हा बालक विराज गौरव शाह,कुमारी तृप्ती प्रदीप हकीम एवं सुनील गोपालदास गुजराती सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्री चन्द्रकान्त यादव द्वारा उपरोक्त जानकारी दी गई।

नगर विकास यात्रा — स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रिय पर्व पर नगर के विकास के प्रयासों की एक झलक ...

आशाओ और अपेक्षाओं के अनुरूप तीन वर्ष के कार्यकाल में सतत विकास के कार्य : माधुरी पटेल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। 14 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2025 के राष्ट्रिय पर्व के स्वर्णिम अवसर पर नगर पालिक निगम,बुरहानपुर की महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा नगर के समस्त नागरिको, पार्षदों,अधिकारियो एवं कर्मचारियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाए देते हुए भारत के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सैनानियो को श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया । उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश में हो रहे चहुमुखी विकास इसी प्रकार डॉ.मोहन जी यादव के

मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में प्रदेश के सतत प्रगति पथ पर अग्रसर होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी नागरिको से आग्रह किया है कि देश प्रदेश एवं नगर के विकास में हम सब दिल से सहभागी बने। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हमारे पुरातात्विय एवं ऐतिहासिक शहर बुरहानपुर के नागरिको की आशाओ और अपेक्षाओ के अनुरूप अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में सभी के सहयोग से नगर के सतत विकास के कार्य किये गए है ।स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उन कार्यों की जानकारी साझा कर रही हु ।

इस दौरान नगर के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है मुख्यमंत्री शहरी अधोसरंचना के अंतर्गत जो कार्य किये जा रहे है वह इस प्रकार है शनवारा चौराहा से शिकारपुरा चौराह तक डिवाईडर निर्माण एवं सेन्ट्रल लाईटिंग लागत . 238.00 लाख, पांडुमल चौराहा से शंकर टॉकीज से रियाज पहलवान की होटल तक सीमेंट कांक्रीट रो निर्माण कार्य लागत 158.52 लाख,निगम की आय वृद्धि हेतु बस स्टेण्ड के पास शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण कार्य का कार्य लागत 76.00 लाख, राज्य आपदा प्रबंधन योजना निधि से सिंदीपुरा, कडवीसा, शनवारा,बुधवारा, पीपलघाट, नागझिरी के नालो का पुन: निर्माण अर्थात चैनेलाईजन का कार्य लागत 1889.69 लाख विशेष इन नालो का चेनलाईजेशन होने से शनवारा चौराहा एवं बुधवारा में वर्षा काल में जल भराव की समस्या का निदान होने से आवागमन सुगम हुआ है। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना अन्तर्गत होने वाले विकास कार्य जो स्वीकृत है और शीघ्र प्रारंभ होना है डाकवाडी पुलिया से अमरावती रोड तक बाक्स कलवर्ट एवं रोड निर्माण लागत 100.00 लाख, मरिचिका उद्यान का विकास एवं उन्नयन कार्य लागत 300.00 लाख, राज्य शासन घोषणा अंतर्गत शहर की क्षतिग्रस्त सडको का डामरीकरण कार्य लागत 500.00 लाख, लोहरमंडी से इकबाल चौक से सिंदीपुरा गेट तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण लगत 237ण्18 लाखए नेहरू स्टेडियम के पूर्व दिशा में पवेलियन एवं दुकानो का निर्माण कार्य लागत 278.00 लाख । इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत किये जाने वाले लीगेसी वेस्ट डम्पसाईट रेमिडिएशन परियोजना लाख लागत 1000.00 लाख, कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट सी.बी.जी.लागत 1909.00 लाख और अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत कार्यो में जल आवर्धन योजना गेन फिलिंग लागत. 417.37 लाख,सीवरेज नेटवर्क कार्य लागत . 7225.00 लाख, रेणुका झील का उन्नयन कार्य लागत. 194.00 लाख के कार्य किये जायेगे । अन्य महत्वपूर्ण योजनाओ में कायाकल्प योजना 1 एवं 2 अंतर्गत शहर के विभिन्न 29 सडको का सीमेंट कांक्रीट रोड का निर्माण कार्य एवं 38 सडको का डामरीकरण कार्य लागत. 1626.00 लाख के कार्य होगे। इसी तरह पुनर्धनत्वीकरण योजनांतर्गत अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य की योजना लागत.5338.41 लाख की शासन को भेजी गई है। महत्वपूर्ण उपलब्धि में नगर पालिक निगम बुरहानपुर का सर्वसुविधायुक्त कार्यालय भवन निर्माण हेतु बीज निगम की 10 एकड भूमि का आबंटन हुआ है। इस प्रकार निगम के हर संभव प्रयासों द्वारा नगर का सतत विकास हो रहा है।